दिनांक 13 अगस्त 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई निगम ने अवैध कब्जा और गुमटी पर की कार्रवाई

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत आने वाले फरीदनगर और हुडको क्षेत्र में अवैध कब्जा व अवैध गुमटी पर कार्रवाई की गई! आमदी नगर हुडको के मिलन चौक के पास अवैध रूप से व्यवसाय करने के उद्देश्य से गुमटी रख दिया गया था! इसकी शिकायत आसपास के लोगों ने निगम से की थी! जैसे ही शिकायत प्राप्त हुई अवैध गुमटी को हटाने के लिए नेहरू नगर जोन आयुक्त मनीष गायकवाड की टीम हुडको में कार्रवाई करने पहुंच गई! गुमटी रखने वालों को स्वयं से गुमटी हटाने की हिदायत दी गई जिस पर उन्होंने गुमटी को हटाकर स्थल को खाली कर दिया! उल्लेखनीय है कि अवैध निर्माण, अतिक्रमण तथा अवैध कब्जा पर त्वरित रूप से कार्रवाई करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अधिकारियों को दिए हुए हैं , निगम में विशेष दस्ता का गठन भी ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के उद्देश्य से किया गया है! अवैध कब्जा एवं अवैध अतिक्रमण को चिन्हित किया जा रहा है और इस अनुसार कार्रवाई हो रही है! एक और मामले में फरीद नगर , कोहका में खाली जगह पर कब्जा की नियत से इसे तार से घेरा किया जा रहा था इसकी सूचना एवं शिकायत मिलने पर तोड़फोड़ दस्ते के प्रभारी बालकृष्ण नायडू , नेहरू नगर के सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे , तोड़फोड़ दस्ता के कन्हैया यादव, मंगल, चैतू अपनी टीम के साथ पहुंचे और समझाइश देकर स्थल को खाली करवाया!

जनसंपर्क

अधिकारी